कार्रवाई

**कोष्टा मोहल्ला की कपड़ा दुकान में चल रहा था जुआ, नगदी 9 हजार और ताश की गड्डियां जब्त**

# कपड़ा दुकान में जुआ खेलते 8 आरोपी गिरफ्तार

**मंडला, नवभारत।** जिले में अवैध जुआ और सट्टे के खिलाफ पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा एवं एसडीओपी मंडला पीयूष मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कोष्टा मोहल्ला स्थित एक कपड़ा दुकान पर दबिश देकर जुआ खेल रहे 8 आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।



जानकारी अनुसार कोतवाली पुलिस को मुखबिर के जरिए पुख्ता सूचना मिली थी कि कोष्टा मोहल्ला स्थित एक कपड़ा दुकान के अंदर कुछ लोग हार-जीत की बाजी लगाकर ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक शफीक खान के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर तत्काल मौके पर दबिश दी गई। पुलिस की अचानक हुई इस घेराबंदी से मौके पर हड़कंप मच गया और पुलिस ने फड़ पर मौजूद सभी 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### नगदी सहित ताश के पत्ते बरामद

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और फड़ से कुल 9,070 नगद बरामद किए हैं, जिसमें जुआ फड़ से 8 हजार 190 रूपए और आरोपियों की अमली तलाशी के दौरान उनके पास से 880 जब्त किए गए। इसके अलावा मौके से ताश के 52-52 पत्तों की 03 गड्डियां भी जप्त की गईं। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## वन अधिकार दावों के शत-प्रतिशत निराकरण के लिए आज से चलेगा अभियान

**मंडला।** जनजातीय कार्य विभाग के निर्देशानुसार वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत लंबित, नवीन तथा सामुदायिक वन संसाधन से संबंधित दावों के शत-प्रतिशत निराकरण के लिए जिले में 1 जुलाई से 31 अक्टूबर 2026 तक विशेष अभियान संचालित किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला वन अधिकार समिति के अध्यक्ष द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार अभियान के दौरान व्यक्तिगत वन अधिकार, सामुदायिक वन अधिकार तथा सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन से जुड़े सभी लंबित एवं नवीन दावों का पुनः परीक्षण कर नियमानुसार निराकरण किया जाएगा।



## मंडला पुलिस की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

**अपराध नियंत्रण और महिला सुरक्षा के लिए जीरो टॉलरेंस नीति पर जोर**

**मंडला, नवभारत।** पुलिस कंट्रोल रूम मंडला में पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी की अध्यक्षता में मासिक अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जन सुरक्षा संकल्प पुलिस के ध्येय को लेकर आयोजित इस बैठक में कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, डिजिटल पुलिसिंग और जनसहयोग आधारित पुलिसिंग की विस्तृत समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में लंबित विवेचनाओं, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, एफएसएल रिपोर्ट और अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम से जुड़े मामलों की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को समय-सीमा के भीतर मामलों का निराकरण करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से महिला अपराधों और पॉक्सो अधिनियम के मामलों की संवेदनशीलता को देखते हुए इनका 60 दिनों के भीतर हर हाल में निराकरण सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। पुलिसिंग को और अधिक आधुनिक बनाने के लिए डिजिटल बीट प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए।

## नारायणगंज के राजेश सोनी बने सराफा एसोसिएशन के संभागीय सचिव



**नारायणगंज।** मध्य प्रदेश प्रांतीय सराफा एसोसिएशन के उज्जैन सम्मेलन में लिए गए निर्णय के अनुसार जबलपुर संभाग की टीम का गठन किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष राजा सराफ, संरक्षक झमक बरकट और महासचिव देवीलाल सोनी की सहमति से नारायणगंज मंडला के राजेश सोनी को संभागीय सचिव नियुक्त किया गया है।

यह संभागीय टीम संभाग के सभी सराफा संगठनों में समन्वय स्थापित कर व्यापार बढ़ाने, सरकारी योजनाओं की जानकारी देने और प्रशासनिक समस्याओं का समाधान करने का कार्य करेगी। राजेश सोनी की इस नियुक्ति पर क्षेत्र के सभी सराफा व्यापारियों ने शुभकामनाएं दी हैं। नवनियुक्त सचिव ने सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

## डिजिटल अरेस्ट और यूपीआई फ्रॉड से बचने के बताए उपाये



**मंडला, नवभारत।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार मंडला जिले में ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए एक व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में संचालित सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत जिले के विभिन्न थानों, चौकियों और यातायात पुलिस द्वारा अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों तथा प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के तहत पुलिस टीमों ने जिले के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर पहुँचकर आम नागरिकों को जागरूक किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज में थाना टिकरिया प्रभारी निरीक्षक प्रदीप पाण्डेय एवं उप निरीक्षक पंकज सिंह विष्ट द्वारा अस्पताल स्टाफ और मरीजों को साइबर सुरक्षा के गुर सिखाए गए। बिछिया व घुटास अस्पताल में थाना प्रभारी निरीक्षक रंजीत सैयाम के नेतृत्व में स्वास्थ्यकर्मियों एवं आमजन को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोचा में एसडीओपी नैनपुर मनीष राज के मार्गदर्शन में उप निरीक्षक दुर्गा प्रसाद भगत द्वारा ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

## एसपी ने किया बीजाडांडी थाने का औचक निरीक्षण

**बीजाडांडी, नवभारत।** पुलिस अधीक्षक मंडला राजेश रघुवंशी ने थाना बीजाडांडी का वार्षिक, औचक निरीक्षण कर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने तथा लंबित मामलों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक रघुवंशी ने थाना परिसर की साफ-सफाई, मालखाना, रिकॉर्ड रूम, आगंतुक पंजी, सीसीटीएनएस अभिलेखों तथा लंबित अपराध व शिकायतों की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट लहजे में कहा कि जनता की शिकायतों और लंबित अपराधों का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं विधिसम्मत निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हो सके। थाने के निरीक्षण के बाद पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी जनपद पंचायत सभागार, बीजाडांडी पहुंचे। यहाँ उन्होंने साइबर जागरूकता के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन सेफ क्लिक 2.0 अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की।

## पल्स पोलियो अभियान में साथिया ने निभाई अहम भूमिका

**दीवार लेखन से जगाई जागरूकता तीन दिवसीय पोलियो अभियान में जुटे किशोर-किशोरी साथिया**

**नारायणगंज।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत साथिया समूह के किशोर-किशोरियों ने तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान में अपनी सक्रिय और सराहनीय भागीदारी दर्ज की है। इस राष्ट्र व्यापी अभियान को सफल बनाने के लिए युवा साथिया ने मैदानी स्तर पर मोर्चा संभाला।



नारायणगंज सीएचसी में पदस्थ काउंसलर नीलम पटेल ने बताया गया कि अभियान के दौरान इन ऊर्जावान किशोर-किशोरियों ने स्वास्थ्य अमले के साथ मिलकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो से सुरक्षा प्रदान करने वाली दो बूंद जिंदगी की दवा पिलाई। साथिया समूह के सदस्यों ने न केवल बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई, बल्कि छूटे हुए बच्चों की तलाश में घर-घर जाकर भी अपनी सेवाएं दीं। इसके साथ ही समाज में शत-प्रतिशत टीकाकरण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से युवाओं द्वारा रचनात्मक पहल की गई। इसके तहत क्षेत्र में प्रमुख स्थानों पर दीवार लेखन किया गया, जिसके माध्यम से ग्रामीणों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी के बचाव और समय पर दवा पिलाने के महत्व को समझाया गया।

